# आपदा पर गवर्नर कार्यालय की ओर से सार्वजनिक घोषणा

**जबकि**, 31 अगस्त, 2022 से इलिनोइस राज्य और शिकागो शहर को, बिना किसी पूर्व सूचना के, टेक्सास राज्य सरकार द्वारा भेजी गई बसें मिलनी शुरू हो गईं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में शरण चाहने वाले मध्य और दक्षिण अमेरिकी लोगों और परिवारों को ले जा रही थीं; और,

**जबकि**, अगस्त 31, 2022 और जनवरी 31, 2025 के बीच, शरण चाहने वाले पचास हज़ार से अधिक व्यक्ति और परिवार बिना किसी सूचना के शिकागो और अन्य इलिनोइस शहरों में पहुंच चुके हैं; और,

**जबकि,** यह उम्मीद की जाती है कि शरण चाहने वाले व्यक्तियों और परिवारों को इलिनोइस ले जाया जाता रहेगा, और राज्य और स्थानीय भागीदारों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वित्त पोषण और/या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते रहना होगा, जिसमें आश्रय क्षमता को सपोर्ट देना, एकल आश्रय प्रणाली में परिवर्तन, पुनर्वास मामले का प्रबंधन और स्थायी आवास के मसले शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं मसलों तक सीमित नहीं हैं; और,

**जबकि**, इलिनोइस एक स्वागत करने वाला राज्य है, जो लंबे समय से आप्रवासियों के एक संपन्न समुदाय द्वारा समृद्ध और कायम रहा है, और जिसने 1975 से 60 से अधिक देशों के 125,000 से अधिक शरणार्थियों को पुनर्स्थापित किया है; और,

**जबकि**, राज्य एजेंसियां, शिकागो शहर और अन्य स्थानीय सरकारों के साथ निकट समन्वय में, यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई जारी रख रही हैं कि इलिनोइस पहुंचने वाले व्यक्तियों और परिवारों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता मिले, ताकि उनके कल्याण और इलिनोइस राज्य और उसके निवासियों के समग्र कल्याण की रक्षा हो सके; और,

**जबकि**, इलिनोइस में शरण की इच्छा रखने वाले यहां पहुंचे परिवारों और व्यक्तियों को विशिष्ट और तत्काल सहायता की आवश्यकता है, जिसमें आपातकालीन आश्रय और आवास; भोजन; स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा मूल्यांकन और उपचार; महत्वपूर्ण आवश्यकताओं और लाभ प्रदान करने के मसले को संपन्न करने में उनकी सहायता के लिए केस मैनेजमेंट सेवाएं; सरकारी स्कूलों में नामांकन; और दीर्घकालिक आवास और आवासीय सहायता शामिल है; और,

**जबकि**, ये परिवार और व्यक्ति अपने-अपने घरों से बहुत लंबी और कठिन यात्रा करके आ रहे हैं, इसलिए उनमें से कई लोगों को चिकित्सा केयर की भी आवश्यकता होती है, जिनमें गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व केयर; बच्चों के कुपोषण, निर्जलीकरण और अस्थमा का उपचार; पैरों की चोट और घाव का केयर; टीकाकरण; और दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति प्रबंधन शामिल हैं। इलिनोइस पहुंचने वाले कई वयस्कों, बच्चों और शिशुओं को भी यात्रा के दौरान प्राप्त आघात से उबरने के लिए मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन और चिकित्सा केयर की आवश्यकता होती है; और,

**जबकि**, इलिनोइस राज्य और पूरे राज्य में कई स्थानीय सरकारें संयुक्त राज्य अमेरिका में शरण या आश्रय की मांग करने वाले परिवारों और व्यक्तियों सहित कमजोर आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से योजना बनाने में संलग्न हैं; और,

**जबकि**, शरण चाहने वाले परिवार और व्यक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के इलिनोइस पहुंच रहे हैं कि वे कब पहुंचेंगे और इलिनोइस राज्य या शिकागो शहर के साथ कोई समन्वय नहीं है, जिससे इस घोषणा की आवश्यकता उत्पन्न होती है; और,

**जबकि**, इलिनोइस राज्य और स्थानीय सरकारें शरण चाहने वाले परिवारों और व्यक्तियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए काम करना जारी रखती हैं, सीधे तौर पर और गैर-सरकारी संगठनों और स्वयंसेवकों के साथ निकट समन्वय करके; और,

**जबकि**, इन कमजोर परिवारों और व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की सामान्य क्षमता काफी हद तक पार हो चुकी है, और वर्तमान में शरण चाहने वाले परिवारों और व्यक्तियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक बढ़ी हुई क्षमता को बरकरार रखने के लिए तत्काल और निरंतर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है; और,

**जबकि**, तत्काल और निरंतर कार्रवाई के बिना, महत्वपूर्ण सेवाओं की क्षमता कम हो जाएगी, जिसमें शरण चाहने वाले परिवारों और व्यक्तियों के लिए अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक आश्रय और आवास की व्यवस्थाएं; भोजन, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी वकालत और नौकरी की तैयारी में सहायता जैसी व्यापक सेवाएं; अन्य आवश्यक सेवाओं को एक्सेस करने में सहायता के लिए केस मैनेजमेंट कर्मचारी; और इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए सभी स्तरों पर परिचालन कर्मियों की आवश्यकता शामिल हैं; और,

**जबकि**, इलिनोइस में शरण मांगने वाले नए व्यक्तियों और परिवारों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए आपातकालीन आश्रय और आवास क्षमता, साथ ही कर्मचारी बल और सेवाओं की बढ़ी हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा शरण मांगने वाले परिवारों, व्यक्तियों और समुदायों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण से संबंधित खतरे को रोकने के लिए, राज्य को तत्काल कांट्रैक्ट आधारित सहायता प्राप्त करनी चाहिए और इसे कायम रखना चाहिए, जिसके लिए गवर्नर की आपातकालीन शक्तियों का उपयोग आवश्यक है; और,

**जबकि**, सामने प्रकट हो रही इस स्थिति को संभालने के लिए आवश्यक अंतर-एजेंसी और अंतर-सरकारी प्रयास जारी रखने के लिए आपातकालीन कदम आवश्यक हैं, साथ ही यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि इलिनोइस के मौजूदा निवासियों की महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित न हों; और,

**जबकि**, वर्तमान परिस्थिति इन कमजोर परिवारों और व्यक्तियों तथा राज्य के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए खतरा पैदा करती है, जिसके मद्देनजर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है, तथा इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम की धारा 4 के अनुसार यह एक ऐसी आपदा है जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा आपातकालीन कार्रवाई की आवश्यकता है; और,

**जबकि**, इन परिस्थितियों के कारण स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के मसले के सामने उपस्थित होने वाले खतरों के कारण, मैंने सितंबर 2022 से हर महीने इलिनोइस राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित कर रखा है; और,

**जबकि**, इलिनोइस राज्य की नीति यह है कि राज्य किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहेगा और इसलिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त राज्य संसाधन उपलब्ध कराना आवश्यक और उचित है; और,

**जबकि**, ये शर्तें आपदा की सार्वजनिक घोषणा जारी करने के लिए इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम की धारा 7 के तहत कानूनी औचित्य प्रदान करती हैं; और,

**जबकि**, इलिनोइस के संविधान, अनुच्छेद V, खंड 8 में यह प्रावधान है कि "गवर्नर के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानून का ईमानदारी से क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा" और प्रस्तावना में कहा गया है कि इलिनोइस के संविधान का एक केंद्रीय उद्देश्य "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रावधान करना" है।

**अब, इसलिए**, इलिनोइस के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जेबी प्रिट्ज़कर, इलिनोइस राज्य के गवर्नर, इसके द्वारा निम्नलिखित घोषणा करता हूं:

**खंड 1.** इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7 की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार, मैं पाता हूं कि इलिनोइस राज्य में एक आपदा मौजूद है और मैं राज्य के सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूं। यह सार्वजनिक घोषणा इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7 की धारा 7 में प्रदत सभी आपातकालीन शक्तियों के इस्तेमाल को अधिकृत करती है, जिसमें नीचे उल्लेखित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां भी शामिल हैं, परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

**खंड 2.** इलिनोइस मानव सेवा विभाग प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है, राज्य एजेंसियों, जिनमें नीचे सूचीबद्ध एजेंसियां शामिल हैं, लेकिन उन तक सीमित नहीं हैं, को गवर्नर के साथ-साथ अन्य राज्य एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और इलिनोइस राज्य शिक्षा बोर्ड के साथ सहयोग करना जारी रखने और वर्तमान स्थिति के प्रभावों का जवाब देने के लिए रणनीतियों और योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन के संबंध में एक-दूसरे के साथ समन्वय करना जारी रखने का निर्देश दिया गया है, जिसमें इलिनोइस आने वाले शरणार्थियों की ज़रूरतों को पूरा करना शामिल है: इलिनोइस मानव सेवा विभाग (जिसमें शरणार्थी और आप्रवासी सेवा ब्यूरो, हिस्पैनिक और लातीनी मामलों का कार्यालय, स्वागत केंद्र हैं, और राज्य शरणार्थी समन्वयक और राज्य मुख्य बेघर अधिकारी को नियुक्त करता है); इलिनोइस सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (जो राज्य शरणार्थी स्वास्थ्य समन्वयक को नियुक्त करता है); इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय; इलिनोइस केंद्रीय प्रबंधन सेवा विभाग; इलिनोइस श्रम विभाग; और इलिनोइस स्वास्थ्य सेवा और परिवार सेवा विभाग।

**खंड 3.** इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय को राज्य आपातकालीन परिचालन योजना को सक्रिय करने और आपदा रेस्पांस और रिकवरी के कार्यों में राज्य एजेंसियों और स्थानीय सरकारों को सपोर्ट करने के लिए राज्य संसाधनों के समन्वय को जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

**खंड 4.** इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम द्वारा अधिकृत प्रतिक्रिया और अन्य आपातकालीन शक्तियों के लिए आवश्यक आपातकालीन खरीद में सहायता के लिए, इलिनोइस खरीद संहिता और इलिनोइस सरकारी संयुक्त खरीद अधिनियम के प्रावधान जो किसी भी तरह से आपदा से निपटने में आवश्यक कार्रवाई को रोकेंगे, बाधा डालेंगे या विलंब करेंगे, उन्हें उस सीमा तक निलंबित कर दिया जाता है, जहां तक संघीय कानून द्वारा उनकी आवश्यकता नहीं है। इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम द्वारा अधिकृत प्रतिक्रिया और अन्य आपातकालीन शक्तियों के लिए आवश्यक आपातकालीन अनुदान-निर्माण में सहायता के लिए, अनुदान जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम और उसे प्रभावी करने वाले इलिनोइस प्रशासनिक संहिता के प्रावधान, जिसकी आवश्यकता राज्य एजेंसियों को वित्त पोषण के

अवसर की सूचना (NOFO) प्रकाशित करने और योग्यता आधारित आवेदन की समीक्षा करने के लिए हो और जो किसी भी तरह से आपदा से निपटने में आवश्यक कार्रवाई को रोकते, अटकाते या विलंबित करते हो, उस सीमा तक निलंबित किए जाते हैं, जिस सीमा तक वे संघीय कानून द्वारा आवश्यक न हों। अनुदान जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम के शेष प्रावधान प्रभावी रहेंगे। यदि आवश्यक हो, और इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(1) की धारा 7(1) के अनुसार गवर्नर अतिरिक्त कानून, आदेश, नियम और विनियमों को निलंबित करने के लिए उचित कार्यकारी कार्रवाई कर सकते हैं।

**खंड 5.** इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(3) की धारा 7(3) के अनुसार, यह सार्वजनिक घोषणा गवर्नर के अधिकार को क्रियाशील करती है, आवश्यकतानुसार, आपातकालीन रेस्पांस कार्यक्रमों को निष्पादित करने या सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से राज्य विभागों और एजेंसियों या उनकी इकाइयों के निर्देश, कार्मिक या कार्यों को स्थानांतरित करने के लिए।

**खंड 6.** इलिनोइस आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(10) की धारा 7(10) के अनुसार, यह सार्वजनिक घोषणा, आवश्यकतानुसार, अस्थायी आपातकालीन आवास की उपलब्धता और उपयोग के लिए प्रावधान करने हेतु गवर्नर के अधिकार को क्रियाशील करती है।

**खंड 7.** यह सार्वजनिक घोषणा संघीय आपदा सहायता के लिए अनुरोध को सुगम बना सकती है, यदि क्षति का पूर्ण और व्यापक मूल्यांकन यह संकेत देता है कि प्रभावी रिकवरी राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमता से परे है।

**खंड 8.** यह सार्वजनिक घोषणा तत्काल प्रभावी होगी तथा 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

________________________

जेबी प्रित्जकर
गवर्नर

तारीख: जनवरी 31, 2025